जयपुर में फिर प्रोपर्टी कारोबारी को मिली लॉरेंस गैंग की धमकी

पीड़ित ने प्रतापनगर थाने में मामला दर्ज कराया, पुलिस ने सुरक्षा दी

- लारेंस गैंग के अनमोल विश्नोई ने व्यापारी को जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी की मांग की है
- गैंगस्टर्स को सोशल मीडिया पर फोलो व लाइक करने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार किया

जयपुर । राजधानी में जी क्लब में फायरिंग के बाद एक और प्रोपर्टी कारोबारी को धमकी मिली है। लारेंस गैंग के अनमोल विश्नोई ने व्यापारी को जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी की मांग की है। इस संबंध में पीड़ित ने प्रताप नगर थाने में सोमवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने व्यापारी को सुरक्षा मुहैया करवा दी है।

पुलिस ने बताया कि काकी कॉलोनी निवासी प्रोपर्टी डीलर व होटल व्यापारी को 6 फरवरी को फोन पर वॉयस मैसेज कर धमकी दी गई। उसके बाद व्यापारी को दो बार इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वाट्सएप कॉल आए, जिसे व्यापारी ने रिसीव नहीं किया। कॉल रिसीव नहीं करने के कारण व्यापारी को धमकी भरे 5 वॉयस मैसेज आए। उसके बाद फिर से वाट्सएप कॉल आया जो रिसीव नहीं किया। जिसके बाद व्यापारी को धमकी भरे 3 यूट्यूब क्लिप भेजे गए। तीन वाट्सएप कॉल आए। व्यापारी को वीडियो क्लिप भेजने वाले ने खुद को लॉरेंस का भाई अनमोल विश्नोई बताया। कॉल रिसीव कर बात नहीं करने पर उसने गोली मारने की धमकी दी। क्लिप में धमकी दी कि साथ मिलकर चलो नहीं तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार को गोली मार दी जाएगी। धमकी के चलते व्यापारी दहशत में है। इधर पुलिस गैंगस्टर्स की कमर तोड़ने में लगी हुई है। इसके चलते गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई, रोहित गोदारा, संपत नेहरा और रितिक बॉक्सर को सोशल मीडिया पर फोलो व लाइक करने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी ईस्ट डॉ. राजीव पचार ने बताया कि इन गैंगस्टर्स को पोस्ट को लाइक व शेयर करने पर पुलिस ने मालवीय नगर, जवाहर सर्किल, बस्सी और रामनगरिया से शिवसिंह शेखावत, विकास शर्मा, अभिषेक मीणा तथा सौरभ नारौली को गिरफ्तार किया है।

'जलमहल की पाल पर लग रहे नाइट मार्केट की शर्तों की पूरी जांच होगी'

डॉ. जोगाराम ने परकोटे की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई

स्वायत्त शासन सचिव डॉ. जोगाराम और निदेशक हृदयेश शर्मा ने बुधवार को हैरिटेज निगम कमिश्नर विश्राम मीणा के साथ चर्चा की।

जयपुर (कासं)। जलमहल की पाल पर लग रहे नाइट बाजार को लेकर सवाल खड़े होने लगे है। स्वायत्त शासन सचिव डॉ. जोगाराम व निदेशक हृदयेश शर्मा ने बुधवार को हैरिटेज निगम मुख्यालय पहुंचकर कमिश्नर विश्राम मीणा से नाइट बाजार को लेकर लंबी चर्चा की। इस दौरान नाइट बाजार के नाम पर जनता से शुल्क वसूली सहित अन्य मुद्दों को लेकर टैंडर शर्तों को फिर से जांचने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। डॉ. जोगाराम ने शहर में बदहाल सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई और अफसरों को नियमिति मॉनिटरिंग करने को कहा है।

सूत्रों के मुताबिक बुधवार को करीब ढाई घंटे चली इस बैठक में स्वायत शासन सचिव डॉ. जोगाराम ने अधिकारियों को दिल्ली व आगरा की ओर से जयपुर शहर में प्रवेश के द्वारों को स्वच्छ, सुन्दर बनाने की बात कही। यूनेस्को टेग के संबध में किये गये कार्यों पर चर्चा करते हुए उन्होंने यूनेस्को रिकमंडेशन की पालना में किये गये कार्यों की पीपीटी तैयार करने की बात कही। टेक्निकल हैरिटेज कमेटी के गठन के आदेश का नोटिफिकेशन नगर निगम हैरिटेज के स्तर से कराये जाने के निर्देश भी दिए।

जोगाराम ने नगर निगम जयपुर हैरिटेज को आंवटित एक रसोई के लिए स्टेट नोडल अधिकारी के साथ चर्चा कर जगह चिन्हित करने, कांवटिया अस्पताल के गेट नं. 1 पर संचालित इंदिरा रसोई को स्पेस सिनेमा के पास स्थानांतरित करने और जनता बाजार गोविन्द जी मंदिर के पास संचालित इंदिरा रसोई का जीणोद्धार करवाने के निर्देश दिये। बाजारों में लाइट व्यवस्था ठीक करने, सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना व 15वें वित्त आयोग के तहत जारी अनुदान राशि से करवाये गये कार्यों के साथ ही विधानसभा के लंबित प्रकरणों आदि के संबध में अफसरों को निर्देश दिए। बैठक में स्वायत्त शासन निदेशक हृदयेश कुमार शर्मा एवं आयुक्त विश्राम मीणा सहित निगम के अफसर मौजूद रहे।

संक्षिप्त

राष्ट्रीय लोक अदालत 11 को

जयपुर, (का.सं.)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 फरवरी को हाईकोर्ट सहित प्रदेश की निचली कोर्ट में साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा करने के लिए 8,07,142 केसों को चिन्हित किया गया है। इन केसों में 4,65,614 केस प्रिलिटिगेशन के हैं और 3,41,528 केस कोर्ट में लंबित केस हैं। इन केसों की सुनवाई के लिए 500 बेंच बनाई गई हैं। रालसा के सदस्य सचिव प्रमिल कुमार माथुर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा केसों के निस्तारण के लिए रोडवेज, परिवहन, राजस्व सहित अन्य विभागों के सचिवों के साथ बैठक आयोजित की गई है। इसके अलावा बैंकों व बीमा कंपनियों के अफसरों के साथ भी उनसे जुड़े केसों में निस्तारण के लिए बातचीत की है। वहीं प्री-काउंसलिंग के सेशन भी करवाए हैं और सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ रालसा ने बैठक की ताकि उनके विभाग में लंबित राजीनामे योग्य मुकदमों को सूचीबद्ध किया जा सके।

फर्जी परीक्षार्थी चकमा देकर फरार

जयपुर (कासं)। गांधीनगर इलाके स्थित पोलोटेक्निक कॉलेज में एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया, जोकि चेकिंग दस्ता को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी है। थानाधिकारी सुरेंद्र यादव ने बताया 7 फरवरी को झालाना स्थित राजकीय खेतान पोलोटेक्निक कॉलेज में थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस दौरान चेकिंग दस्ते ने गौरव कुमार मीणा की जगह मनीष बासलीवाल को परीक्षा देते पकड़ा गया। इस दौरान मनीष चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

जयपुर (कासं)। एयरपोर्ट इलाके में एक युवती से देहशोषण का मामला सामने आया है। थानाधिकारी दिगपाल सिंह ने बताया इलाके निवासी 33 वर्षीया युवती की करीब 5 साल पहले सोशल मीडिया पर विजेंद्र से दोस्ती हुई थी। आरोप है शादी का झांसा देकर विजेंद्र पीड़िता के साथ देहशोषण करता आ रहा है। इस दौरान नकदी और गहने पर भी हड़प लिए। अब शादी से इंकार कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

यात्री के बैग में कारतूस मिला

जयपुर । सिंधी कैंप इलाके स्थित मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के बैग में कारतूस मिला है। पुलिस ने बताया 6 फरवरी को भूड़ा गेट, डीग जिला भरतपुर निवासी ओमप्रकाश जाटव मेट्रो स्टेशन पर गेट नंबर 1 से बाहर आ रहा था। इस दौरान चेकिन मशीन में बैग जाने पर बीप हुई। अंदर तलाशी में देशी कट्टे का जिंदा कारतूस मिला। इस पर आरोपित ओमप्रकश जाटव को गिरफ्तार किया गया है।

'मालवीय नगर में अवैध निर्माणों की बाढ़'



मालवीय नगर क्षेत्र में जीरो सेटबैक पर तैयार होती अवैध इमारतें।

जयपुर (कासं)। राजधानी के मालवीय नगर क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माणों की शिकायत वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम कोली ने मुख्यमंत्री के ओएसडी और जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन को भेजी है।

आर.एस.कोली ने अपने पत्र में लिखा कि राजधानी के पॉश एरिया मालवीय नगर में इन दिनों अवैध निर्माणों की बाढ़ आई हुई है। जीरो सेटबैक पर धड़ल्ले से अवैध इमारतें बनाई जा रही है, इसके बावजूद जेडीए व नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हुए है। उन्होंने बताया कि जेडीए की अधिगृहित भूमि व अनुमोदित योजनाओं में अवैध निर्माण चरम पर हैं।

उन्होंने कहा कि अतिक्रमी, बिल्डिंग बायलॉज की धज्जियां उडाकर अवैध निर्माण करने में जुटे हैं। यहां पार्क-6 तथा 300 से 500 वर्गगज के 15 प्लॉटों पर कब्जा करके बिना साइट प्लान ढेडे-मेढ़े निर्माण किये जा रहे हैं, यहां तक कि सड़क पर भी कब्जा किया जा रहा है। इन कब्जों का रिकॉर्ड भी जेडीए में उपलब्ध नहीं है। इतना सब होने के बावजूद भी जेडीए और नगर निगम के अधिकारी इन अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करने के बजाय पूरी तरह चुप्पी साधे बैठे हैं।

बदमाशों ने वृद्धा का पर्स छीना

जयपुर । मालवीय नगर में बाइक सवार बदमाश एक वृद्धा का पर्स छीन ले गए। जांच-अधिकारी एएसआई मीठा लाल ने बताया गणेश विहार, मॉडल टाउन निवासी लाजवंती (78) मंगलवार शाम करीब 4 बजे घर की तरफ पैदल आ रही थी। इस दौरान बाइक सवार बदमाश झपट्टा मार पर्स छीन ले गए। पर्स में कुछ नकदी, मोबाइल सहित सोने की चूड़ियां रखी थी।

सार-समाचार

502 ग्राम पंचायतों में उप स्वास्थ्य केंद्र

जयपुर । राज्य सरकार 'निरोगी राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करने के लिए निरंतर कदम उठा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 502 ग्राम पंचायत मुख्यालयों में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति दी है। इन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए कुल 502 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (प्रत्येक केन्द्र पर एक) के पदों के सृजन को भी मंजूरी दी गई है। प्रस्ताव के अनुसार, प्रत्येक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्यों हेतु 30 लाख रुपए तक का प्रावधान किया गया है। नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्मित होने तक वैकल्पिक रूप से अस्थायी भवनों में इनके संचालन की व्यवस्था की जाएगी।

स्वैच्छिक भार वृद्धि घोषणा योजना लागू

जयपुर । कृषि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में वृद्धि और राजस्व हानि को रोकने के लिए डिस्कॉम द्वारा स्वैच्छिक भार वृद्धि घोषणा योजना लागू की गई है। योजना के तहत् कृषि कनेक्षन के अनाधिकृत बढ़े हुए भार को बिना किसी पेनल्टी के मात्र धरोहर राषि जमा करवाकर नियमित कर दिया जाएगा। योजना 31 मार्च, तक प्रभावी रहेगी। जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना ने बताया की कृषि उपभोक्ताओं को फसल की सिंचाई के लिए निर्धारित ब्लॉक के अनुसार पूरी और अच्छी गुणवत्ता की बिजली आपूर्ति के लिए यह योजना लागू की गई है। उन्होंने बताया कि जिन कृषि उपभोक्ताओं ने कनेक्षन लेने के बाद किसी भी कारण से स्वीकृत भार से अधिक क्षमता की मोटर लगाकर अनाधिकृत रूप से अपने विद्युत भार को बढ़ा लिया है, ऐसे कृषि उपभोक्ता इस योजना के तहत अपने बढ़े हुए भार को मात्र 30 रू प्रति एचपी प्रति माह की दर से 2 माह के लिए धरोहर राशि जमा करवाकर बढ़े हुए भार को नियमित करवा सकते है।

जेकेके में कला मेले का समापन

जयपुर । राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से तथा जेकेके की सहभागिता में आयोजित 23वें कला मेले का बुधवार को समापन हुआ। बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष डॉ.चंद्रभान समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिव्यांग चित्रकार बजरंग लाल सुथार को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया। मेले में 15 कलाकारों त्रिलोक चंद जांगिड, उषा पुरोहित, नीरजा शेखावत, इकबाल हुसैन, भारती आर्य, ओजस्वी अग्रवाल, विनीता कसाना, निकिता, नैना सोमानी, मानवेन्द्र सिंह, एकता शर्मा, शिवपाल कुमावत, प्रवीण कुमार, वाणाश्री राजू दाबीर व स्नेहा को सम्मानित किया।

दीक्षान्त समारोह तीन मार्च को

जयपुर (कासं)। श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर का पंचम दीक्षान्त समारोह 3 मार्च को आयोजित होना निर्धारित किया गया है। कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह ने बताया कि स्नातक विद्यार्थियों को सत्र 2021-22 एवं स्नातकोत्तर व विद्या-वाचस्पति विद्यार्थियों को जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक उत्तीर्ण एवं नियमानुसार योग्य विद्यार्थियों को उपाधिया एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये जावेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। कुलसचिव बी एल बंजारा ने बताया कि उपाधियां प्रदान करने के लिए नियमानुसार योग्य विद्यार्थियों की अस्थाई सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर उपलब्ध करवाई गई है एवं संबंधित महाविद्यालयों को भी उपलब्ध करवा दी गयी है।

वित्त समिति की बिना अनुमति 2 करोड़ रुपये का टैंडर करने पर चेयरमैन नाराज

शील धाबाई ने कमिश्नर महेन्द्र सोनी को नोटशीट भेजकर आपत्ति जताई

- ग्रेटर नगर निगम में अधिकारों को लेकर चेयरमैन और अफसरों में खींचतान शुरू

जयपुर (कासं)। ग्रेटर निगम में वित्त समिति की बिना अनुमति 2 करोड़ रुपये के टैंडर करने पर विवाद खड़ा हो गया है। वित्त समिति अध्यक्षा एवं पूर्व मेयर शील धाबाई ने कमिश्नर महेन्द्र सोनी को नोटशीट लिखकर नाराजगी जताई है।

सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों ग्रेटर निगम के बजट प्रस्तावों को लेकर वित्त समिति की बैठक बुलाई गई थी। जहां समिति सदस्यों ने बजट तो पास कर दिया गया, लेकिन अन्य मुद्दों पर बिफर गए। नियम है कि 2 करोड़ रुपए से ज्यादा का टैंडर है तो वित्त समिति की अनुमति ली जाती है, मगर समिति को दरकिनार कर यहां लगातार टैंडर किए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो ग्रेटर नगर निगम ने पिछले दिनों सांगानेर, जगतपुरा, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा और मानसरोवर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के टैंडर किए थे। इसमें 10 गुणा तक ज्यादा दरें आई हैं। हालांकि अभी तक निगम ने वर्कऑर्डर नहीं दिया है। मगर वित्त समिति को आपत्ति है कि आखिर इन टैंडरों को लेकर समिति से अनुमति क्यों नहीं ली गई। इसके अलावा दूसरी बड़ी आपत्ति यह है कि जब बीवीजी कंपनी ने जयपुर की सफाई बंटाधार की, तब तय हुआ था कि एक ही कंपनी को सभी जोन में काम नहीं देंगे। इसके बावजूद वापस नियमों में बदलाव क्यों किया गया?

वित्त समिति चेयरमैन शील धाबाई का कहना है कि ग्रेटर नगर निगम में वित्त समिति को दरकिनार किया जा रहा है। किसी भी बड़े टैंडर में वित्त समिति की मंजूरी नहीं ली जा रही है। इसे लेकर समिति सदस्यों ने नाराजगी जताई है। मैंने आयुक्त तक आपत्ति पहुंचा दी है।

भाजपा पार्षदों की नाराजगी के बाद बैंगलुरु का टूर रद्द

भाजपा पार्षद कुसुम यादव के साथ बुधवार को कई पार्षदों ने आयुक्त विश्राम मीणा को ज्ञापन देकर प्रस्तावित टूर का विरोध जताया।

जयपुर (कासं)। हैरिटेज नगर निगम की ओर से पार्षदों के सैर-सपाटे के लिए तय किया गया बैंगलुरु टूर अब रद्द हो गया है। भाजपा पार्षद कुसुम यादव ने बताया कि बुधवार को भाजपा के पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त विश्राम मीणा को ज्ञापन देकर प्रस्तावित टूर का विरोध जताया। पार्षदों ने कहा कि एक तरफ नगर निगम में वार्डों के विकास कार्यों के लिए पैसा नहीं है, दूसरी तरफ पार्षदों के टूर के नाम जनता के पैसों की बर्बादी क्यों की जा रही है । पार्षदों के टूर पर किया जाने वाला खर्च यदि वार्डों में विकास के लिए खर्च किया जाएगा, तो उसमें जनता का भला होगा । पार्षदों के बैंगलोर जाने से जनता का भला नहीं होने वाला है। पार्षदों की इस नाराजगी को भांपते हुए आयुक्त विश्राम मीणा ने फ़िलहाल इस टूर को स्थगित कर दिया है। पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल में कुसुम यादव, विमल अग्रवाल, श्याम सुंदर सैनी, रितु किशोर मोतियानी, घनश्याम टेपन और अमर गुर्जर समेत कई लोग मौजूद थे।

राजस्थान डेल्फिक खेल आज से

जयपुर (कासं)। अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग एवं वाणिज्य वीनू गुप्ता गुरूवार को दोपहर 1 बजे जवाहर कला केन्द्र में राजस्थान डेल्फिक खेलों का उद्घाटन करेंगी। उद्घाटन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति गायत्री राठौड, इंडियन डेल्फिक काउंसिल के अध्यक्ष एन.एन. पांडे एवं अन्तर्राष्ट्रीय डेल्फिक काउंसिल के महासचिव रमेश प्रसन्ना शामिल होंगे। यह जानकारी डेल्फिक काउंसिल राजस्थान की अध्यक्ष और प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने दी।

गुहा ने बताया कि डेल्फिक खेल 9 से 12 फरवरी को जवाहर कला केंद्र, जयपुर में आयोजित होंगे। यह खेल शास्त्रीय संगीत, भारतीय, फिल्म संगीत, लोकप्रिय संगीत, (भारतीय फिल्म संगीत के अलावा) शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य समकालीन नृत्य फोटोग्राफी (2 श्रेणियां) समेत कुल छह वर्गों में आयोजित होंगे एवं प्रत्येक वर्ग के लिए नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान पहला राज्य है जो इस प्रकार के खेल आयोजित कर रहा है। डेल्फिक खेलों का आयोजन दो चरणों में हो रहा है। पहला चरण ऑनलाइन था, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा 8 जनवरी तक आवेदन किया गया। इनमें से चयनित प्रतिभागी जवाहर कला केन्द्र में आयोजित होने वाले द्वितीय चरण में सम्मिलित हो रहे है।

डी.सी.पी. के हस्तक्षेप के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज

जयपुर (कासं)। प्रतापनगर इलाके में हुई युवक की मौत के मामले में अब डी.सी.पी. के हस्तक्षेप के बाद हत्या का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया शाहबाद जिला हरदोई (यूपी) हाल आमेर निवासी शाबिर शाह ने रिपोर्ट दी है कि उसका भाई सरताज (32) द्वारकापुरी में रहता था। आरोप है 2 जनवरी को शिवा मीना, किशन और मनोज ने शराब पार्टी के दौरान उसके भाई सरताज की हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मृतक के भाई शाबिर ने रिपोर्ट दी है कि प्रताप नगर थाना इलाके के सीतापुरा में स्थित एक फैक्ट्री में उसका भाई सरतार काम करता था। जो यूपी का रहने वाला था। 1 जनवरी को सरतार ने भाई को जानकारी दी की उसके दोस्त किशन का जन्मदिन है। पार्टी करेंगे। 2 जनवरी को रात 2 बजे जयपुरिया अस्पताल से फोन आया कि आप के भाई को कुछ लोग इलाज के लिए लाए थे। जांच से पता चला की वह मर चुका हैं। सूचना पर पूरा परिवार 2 जनवरी को सुबह जयपुरिया अस्पताल पहुंचा। डॉक्टरों ने मृतक की बॉडी परिवार के लोगों को दिखाई। शाबिर शाह प्रताप नगर थाने गया। हत्या की रिपोर्ट पुलिस को दी। वहां मौजूद एसआई मुकेश मीणा और संग्राम सिंह ने हत्या की रिपोर्ट लेने से इनकार करते हुए शिकायत ले ली। इसके बाद परिवार के लोग पोस्टमार्टम कर शव लेकर यूपी चले गए। शाबिर शाह ने बताया कि कई बार प्रताप नगर थाने के चक्कर काटने के बाद भी उसके भाई की हत्या की रिपोर्ट प्रताप नगर थाना पुलिस ने नहीं लिखी। जब की उसके भाई के दोनों पैर और हाथ में मल्टीपल फैक्चर हैं। डॉक्टरों ने बताया कि उसके मुंह से भी झाग निकल रहा था। इसकी जांच कराने के लिए विसरा को एफएसएल में भेजा गया हैं। शरीर पर मारपीट के निशान को देख कर साफ लग रहा है कि हत्या हुई है। पुलिस ने एक नहीं सुनी इस पर मुख्यमंत्री कार्यालय को ईमेल कर घटना की जानकारी दी गई। इस पर 29 जनवरी को डीसीपी इस्ट कार्यालय से फोन आया। इस पर डीसीपी ईस्ट राजीव पचार से पीड़ित परिवार ने बात की और उनकी आप बीती सुनी। जिस पर 4 फरवरी को डीसीपी का दोबारा फोन आया और उन्होंने कहा- आप प्रताप नगर थाने जाकर मामला दर्ज करवा दो।

'चेयरमैन-पार्षदों के विरोध पर एक माह में हटेगा कचरा डिपो'

धावास रोड कचरा डिपो पर गत दिनों करंट से हुई थी गौवंश की मौत

करणी विहार क्षेत्र में धावास रोड के नजदीक बने कचरा डिपो को हटवाने के लिए बुधवार को कई चेयरमैन व पार्षदों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

जयपुर (कासं)। करणी विहार क्षेत्र में धावास रोड अंडरपास के नजदीक बना कचरा डिपो अब एक महीने में हटाया जायेगा। चेयरमैन राखी राठौड़, प्रवीण यादव और पार्षद निशांत सुरोलिया, मदन शर्मा, सुरेश कुमार, पीयूष व महेन्द्र की नाराजगी व विरोध के बाद ग्रेटर नगर निगम प्रशासन बैकफुट पर आया है।

पार्षद निशांत सुरोलिया ने बताया कि गत दिनों इस कचरा डिपो पर करंट लगने से चार गौवंश की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस लापरवाही पर पर्दा गिराने के लिए नगर निगम प्रशासन ने तुरंत मृत गौवंश को उठाया और मामला दबाना चाहा। लेकिन घटना के बाद से ही स्थानीय लोग आक्रोशित थे, लगातार इस कचरा डिपो को हटवाने की मांग उठ रही है। बुधवार को पार्षद निशांत सुरोलिया ने चेयरमैन राखी राठौड़ व प्रवीण यादव व अन्य पार्षदों के साथ यहां पहुंचकर धरना-प्रदर्शन शुरू किया। मामला तूल पकड़ता देखकर स्थानीय मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी (सी.एस.आई.) ने एक महीने में कचरा डिपो को यहां से शिफ्ट करने का आश्वासन दिया। निशांत सुरोलिया ने बताया कि धावास रोड अंडरपास के पास सर्विस लिंक रोड पर नगर निगम में यहां कचरा डिपो बना रखा है। इस कारण यहां दुर्गंध के कारण स्थानीय लोगों के साथ-साथ यहां से गुजरने वाले हजारों लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है।

एस.एन.एफ तकनीक से कूल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण

- मानसरोवर स्थित इंडस अस्पताल में हुआ ऑपरेशन

जयपुर (कासं)। जयपुर के मानसरोवर में स्थित इंडस जयपुर अस्पताल में हड्डी एवं जोड रोग विभाग द्वारा जयपुर निवासी 25 वर्षीय मरीज पिछले कई वर्षों से परेशान था। मरीज का एक पैर छोटा हो गया था, क्योंकि मरीज की उम्र 28 वर्ष मात्र थी ऐसे में जरूरी था कि भविष्य के लिए बोन प्रीजर्विंग जोड़ इस्तेमाल किया जाएं। इसी कारण डॉ. दिलिप मेहता ने (एसएमएफ)से इनका हिप रिप्लेसमेंट किया एसएमएफ स्टीम कम उम्र वाले मरीजों के लिए उपयुक्त है क्योंकि ये सम्पूर्ण हड्डी को प्रिजर्व करती है। इससे पहले डॉ. दिलिप मेहता ने एसएमएफ के 3 और केस कर चुके है पोस्ट कैविड प्रीजर्विंग कॉन्सेप्ट जो कि देखा गया है पिछते कुछ दिनों से काफी तेजी से बढ़ रहा। ऐसे मरीजों को बेन प्रीजर्विंग कॉन्सेप्ट को समझना चाहिए और उपयुक्त सलाह उपरान्त ही ऑपरेशन करवाना चाहिए।

डॉ. दिलिप ने इस तरह की जटिल सर्जरीयों के लिए अमेरीका व जर्मनी से विशेष प्रशिक्षण लिया हुआ है। जिसके चलते यह संभव हो पाता है इससे पहले भी डॉ.दिलिप लगातार ऐसे ऑपरेशन करते आ रहे है और ज्वाइंट प्रीजर्विंग सर्जरी करने में निपुण है।